Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 22-03-2023 | अंक 519

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### ऑटो और बाइक में टक्कर में 7 घायल



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : जिले के बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को ऑटो और बाइक में टक्कर हो गई. टक्कर के बाद ऑटो पलट गई. इस घटना में 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. सभी घायलों का इलाज बालूमाथ अस्पताल में किया गया.सभी लोग पलामू जिले के तरहसी गांव से मुंडन के लिए अ०टो से मां नगर भगवती मंदिर की ओर जा रहे थे. इसी दौरान बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में तीखे मोड़ के पास सामने से एक बाइक आ गई. बाइक को बचाने के चक्कर में ऑटो चालक वाहन को सड़क से नीचे उतारने का प्रयास किया परंतु तब तक दोनों की टक्कर हो गई थी. इस दौरान असंतुलित होकर ऑटो पलट गई. वहीं बाइक सवार भी गिर पड़ा. घटना में ऑटो पर सवार मिथिलेश कुमार, कुलदीप राम, प्रीति कुमारी, राजमती देवी, कालो कुंवर, एक बच्चा तथा बाइक सवार युसूफ अंसारी घायल हो गए.घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. वहीं, सभी घायलों को तत्काल बालूमाथ अस्पताल पहुंचाया. वहीँ पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया.

### हिन्दू नववर्ष पर जल यात्रा का आयोजन ,सैंकड़ो लोग हुए शामिल



**अपेम लाइव : लातेहार**

गारू/लातेहार : गारू प्रखण्ड के बारेसांढ़ में रामनवमी पुजा समिति बारेसांढ़ बाजार के तत्वधान में हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर जलयात्रा का आयोजन किया गया। जल यात्रा में सैंकड़ो धर्मप्रेमी शामिल हुए। रामनवमी पूजा समिति बारेसांढ़ के सदस्यों नें बताया कि, शिव मंदिर में श्री रामचरितमानस का पाठ होना है। पाठ में शामिल होकर पुण्य का भागी बनें।मौके पर कार्यक्रम में अध्यक्ष चंदन प्रसाद, रंजन यादव, राहुल प्रसाद, ब्रजकिशोर यादव, कुणाल कुमार, मुखराज यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

## बरही : पंचायत समिति के स्थाई सदस्यों का हुआ गठन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड परिसर में स्थित प्रमुख कार्यालय में पंचायत समिति के स्थाई सदस्यों का गठन को लेकर प्रमुख मनोज रजक के अध्यक्षता बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी सी.आर. इंदवार एवं पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम भी शामिल हुए। बैठक में पंचायत समिति के स्थाई सदस्यों का गठन किया गया। जिसमे

सामान्य प्रशासन समिति का अध्यक्ष प्रमुख मनोज रजक, सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी सी.आर. इंदवार एवं सदस्यों में प्रभु यादव, आशा देवी, अर्चना देवी एवं आयशा खातून का चयन किया गया है।

कृषि एवं उद्योग समिति का अध्यक्ष मो तैयब, सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सदस्यों में बसंती देवी, बिहारी यादव, आशा देवी एवं मनोज यादव का चयन किया गया है।

स्वास्थ्य शिक्षा समिति का अध्यक्ष उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सदस्यों में आशा देवी, आयशा खातून, अर्चना भारती एवं पारो देवी का चयन हुआ है।

वित्त अंकेक्षण तथा योजना एवं विकास समिति का अध्यक्ष प्रमुख मनोज रजक, सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सदस्यों मो यूसुफ, जितेंद्र कुमार दिव्य, नीलम कुमारी एवं कलावती देवी का चयन हुआ है।

सहकारिता समिति का अध्यक्ष प्रभु यादव, सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सदस्यों में विकास सिंह, मो तैयब, जितेंद्र कुमार दिव्य, बिहारी यादव एवं कलावती देवी का चयन



हुआ है।

महिला शिशु एवं सामाजिक कल्याण समिति का अध्यक्ष उपप्रमुख देवलाल कुशवाह, सचिव प्रखंड विकास पदा. धिकारी एवं सदस्यों में मनोज रजक, कलावती देवी, विकाश सिंह एवं रौशन खातून का चयन हुआ है।

वन एवं पर्यवारण समिति का अध्यक्ष विकाश सिंह, सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सदस्यों में रेखा देवी, जितेंद्र कुमार दिव्य, मनोज यादव एवं देवलाल कुशवाहा का चयन हुआ है।

संचार तथा संपर्क समिति का अध्यक्ष अख्तरी खातून, सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सदस्यों में मो यूसुफ, अर्चना भारती, सुमिया देवी एवं बसंती देवी का चयन हुआ है। जहां सभी को फूलमाला पहनाकर एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## कलश यात्रा के साथ मलिकाना व डुमरी में नौ दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ, पूर्व विधायक हुए सम्मिलित

### भक्तिमय हुवा क्षेत्र, यज्ञ आयोजन से वातावरण का होता है शुद्धिकरण : मनोज यादव





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

बच्छई पंचायत के मलिकाना व डुमरी में निर्मित हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव शुरू हुआ। कलश यात्रा के साथ मालिकान में श्री श्री 1008 नव दिवसीय हवनात्मक पंचकुंडी नवचण्डी महायज्ञ एवम श्रीमद्भागवत कथा व डुमरी में नव दिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवम श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ धूमधाम हुवा। कलश यात्रा में बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सम्मिलित हुए। मलिकाना हनुमान मंदिर से निकला कलश यात्रा व डुमरी का कलश यात्रा हनुमंत मंदिर से निकलकर सिंघरावां मोड़ होते हुए बराकर स्थित उतरवाहिनी तट पहुँचा। कलश यात्रा के दौरान राधा कृष्ण का जीवंत झांकी कलश यात्रा में आकर्षण का केंद्र बना रहा। जय श्रीराम के जयघोष से पूरा इलाका भगवामय हो गया। इससे पूर्व मलिकाना व डुमरी में मुख्य पूजारी के माथे पर कलश देकर पूर्व विधायक ने कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि मलिकाना व डुमरी सहित पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल है। कहा यज्ञ आयोजन से क्षेत्र के वातारण का शुद्धिकरण होता और क्षेत्र में खुशहाली आता है। स्थानीय मुखिया बिरेन्द्र रजक ने भगवान से कामना किया कि प्रभु की कृपा गांवो वालो पर बना रहे। कार्यक्रम का संचालन मलिकाना में यज्ञ समिति सचिव शंकर दयाल साव व डुमरी में अधिवक्ता बसन्त कुमार साव ने किया। कलश यात्रा में कांग्रेस नेता अरुण साव, उप प्रमुख प्रीति गुप्ता, जीप प्रतिनिधि सुधीर कौशल, सांसद प्रति. निधि अर्जुन साव, राजेन्द्र चद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार साव, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, अशोक यादव, मुखिया मंटू सिंह, संतोष सिंह, प्रतिनिधि मोहन साव, भाजपा नेता गजाधर प्रसाद, देवल यादव, राजेन्द्र राम, बालेश्वर साव, नकुल रजक, अरुण ठाकुर, समाजसेवी रामलाल साव, बिरेन्द्र भुइयाँ, सुरेन्द्र यादव, बद्री साव, कांग्रेस नेता बीरबल साहू, संतोष रजक, बहादुर राणा, विहिप से अमित सिंह, मुनेश्वर गुप्ता शंकर कुमार, दयानंद यादव सहित अन्य। मलिकाना यज्ञ समित के अध्यक्ष सह मुख्यपूजारी बिनोद साव, सचिव शंकर कुमार, कोषाध्यक्ष सह सहायक शिक्षक कृष्णा यादव, आदि के बताया कि प्रति सन्ध्या भक्तिमय प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ को सफल बनाने में मलिकाना निवासी सरयू साव, जयनारायण साव, योगेंद्र यादव, बासुदेव साव, अंगद यादव, सिकन्दर रजक, संजय ठाकुर, मिथलेश ठाकुर, मुकेश साव, अर्जुन साव, मंटू साव, छोटन साव, मनोज साव सहित अन्य महती भूमिका निभा रहे है।

24 घंटे सेवा
HOTEL आकाश पैलेस
9122662308
6299699176
AC/NON AC ROOMS & MARRIAGE HALL
सागर टेन्ट हाउस

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बहुत जल्द होगा धोबघट की टूटी सड़कों का मरम्मती कार्य शुरू : किशुन यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखण्ड के धोबघट में खराब पड़े सड़क की मरम्मती जिला परिषद उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव के पहल पर वन विभाग ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस सम्बंध में जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव लगातार जिला परिषद की बैठक से लेकर डीएमएफटी की बैठक में अपनी बात रख चुके है। बुधवार को इस सम्बंध में धोबघट के ग्रामीणों के साथ जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव वन विभाग कार्यालय पहुंचे। जहां वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी कमलेश सिंह से मिलकर धोबघट सड़क को लेकर वार्ता किया। जिसके बाद जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि अब सड़क का निर्माण जल्द हो जाएगा, जिससे लोगों को सुगमता से अपने घर को जा सकेंगे एवं वहाँ की विकास की गति अब बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि दो दिन के अंदर काम चालू हो जाएगा। मौके पर स्थानीय मुखिया मूर्ति देवी, मुखिया प्रति. निधि सह भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति युवा मोर्चा बरही प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र टुडू, तुलेश्वर सिंह, महेश्वर सोरेन, कार्तिक सिंह, सुरेन्द्र सिंह, डुमरचंद सिंह, लालो सिंह, बासुदेव हंसदा, प्रकाश सिंह, राजू सिंह, पुनीत सिंह मौजूद थे।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने मनाया हिंदू नव वर्ष, निकाली गई भव्य जीवंत झांकी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




चौत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में हिंदू नववर्ष मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परम पूजनीय डॉ केशव बलिराम हेडगेवार की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पअर्पित कर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय के द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया और मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि हजारीबाग विभाग के विभाग प्रचारक आशुतोष जी ने कहा कि चौत्र शुक्ल पक्ष का प्रथम दिवस है। आज ही के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार जी का जन्मोत्सव है। भगवान राम का राज्याभिषेक आज ही के दिन हुआ था। ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना भी आज के दिन ही की थी। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय के भैया-बहनों के द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाल कर हिन्दू नव वर्ष का स्वागत किया गया। प्रभात फेरी में भगवान राम, ब्रह्मा, दुर्गा, हनुमान और हेडगेवार जी के वेश में भैया बहनों की जीवंत झांकी मुख्य आकर्षण का बिंदु रहा। जिससे बरही हिंदू नववर्ष का उत्साह में रंगा हुआ नजर आया। साथ ही साथ प्रभात फेरी का जगह-जगह स्वागत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमित कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी गण और विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदी जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## बरही में निकला रामनवमी का दूसरा मंगला जुलूस, बारिश भी कम ना कर सकी भक्तों की उत्साह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही में रामनवमी का दूसरा मंगला जुलूस धूमधाम से निकाला। अखाड़ाधारियों ने पारंपरिक अंदाज में जुलूस निकाला। मंगलवार शाम में हुई मू. सलाधार बारिश और ठंडी हवा भी रामभक्तों का उत्साह कम नहीं कर सकी। बारिश थमने के बाद भी रामभक्त सड़क पर निकले और महावीरी झंडा के साथ मंगला जुलूस में भाग लिया। जुलूस में युवाओं ने अस्त्र - शस्त्र का भी प्रदर्शन किया और साथ ही ताशा पार्टी की धुन पर जम कर नृत्य किया। वीरों के वीर हनुमान जब चले, अंजली के लाला बड़ा मतवाला, हवा में उड़ता जाए र मेरा राम दुलारा, श्री राम जानकी बैठे है मेरे सीने में जैसे गानों पर भक्त खूब झूमे। इस दौरान जय श्री राम और जय बजरंगबली के नारे से पूरा हजारीबाग शहर गूंज उठा। इससे पहले सभी मंदिरों में महावीरी झंडा के साथ पूजा अर्चना की गई। वहीं बरही के सभी मुख्य मार्गो में जुलूस जुलूस निकाला गया। वहीं मौके पर मौजूद रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही थाना प्रभारी ललित कुमार एवं सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान ने भी लाठी खेला।

**चौक चौराहों पर दिखा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम**

मंगला जुलूस को लेकर बरही चौक पर सुरक्षा ले लिए खुद एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो एवं बरही थाना प्रभारी ललित कुमार निगरानी कर रहे थे। मौके पर जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सनी गुप्ता, बादल कुमार, मुकेश कुमार, विक. ाश कुमार सहित हजारों अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।


## नवरात्र के आगमन पर रसोइया धमना में निकाला गया कलश यात्रा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के दुर्गा मंदिर में वसंत नवरात्र का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर बराकर नदी गई और वहां से पूजा अर्चना करके पुनः पाठ के लिए दुर्गा मंदिर आया। कलश यात्रा का शुभारंभ सार्वजनिक रामनवमी पूजा समिति के संरक्षक प्रोफेसर बद्री साहू प्रोफ़ेसर हीरामन साहू की अगुवाई में की गई। कलश शोभायात्रा में रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष नरेश कुमार सचिव विरेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष टुकलाल साव समाजसेवियों में बासुदेव साव गोपाल कुमार वीरेंद्र कुमार गोविंद राणा लक्ष्मण कुमार तपेश्वर साहू प्रभु साव उदय कुमार लोकेश कुमार बरही प्रखंड के बजरंग दल संयोजक अरविंद कुमार उर्फ पिंटू मीडिया प्रभारी नितेश कुमार आदि शामिल थे मुख्य पुजारी में विनय कुमार सहपत्नी, ब्रह्मदेव यादव सह पत्नी,बाबुल कुमार एवं ब्राह्मण सुरेश शर्मा शामिल थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## गैस रिसाव पर काबू पाने के लिए किया मॉक ड्रिल

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : सदर अस्पताल के ओक्सीजन प्लांट में बुधवार को आपदा के समय बचाव एवं राहत कार्य को लेकर 9 वीं बटालियन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के द्वारा म०क ड्रिल किया गया। रांची से आए एनडीआरएफ 9 वीं वाहिनी के सदस्यों ने स्थानीय टीमों के साथ मिलकर रेस्क्यू करने और गैस रिसाव की चपेट में आए लोगों को सकुशल बाहर निकालने का रिहर्सल किया ।बुधवार को पूर्वाह्न करीब 12 बजे सदर अस्पताल के ओक्सीजन प्लांट में गैस के रिसाव की सूचना दी गई ।कर्मियों के द्वारा सांकेतिक लिकेज को कंट्रोल करने का प्रयास किया। इसी दौरान फायर ब्रिगेड एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी पहुंचीं। अफसरों ने घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एनडीआरएफ से सम्पर्क किया। एनडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर सिलिंडरों की सांकेतिक लीकेज का जायजा लिया और राहत कार्यों में जुट गई। टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर इमरान अहमद सिद्दीकी कर रहे थे। टीम ने सबसे पहले गैस लीकेज पर काबू पाया और 2 व्यक्तियों को प्लांट परिसर में बनाए अस्थाई मेडिकल पोस्ट में प्राथमिक उपचार देकर एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया ।इस सम्बन्ध में अपर समाहर्ता ने बताया कि म०क ड्रिल कर देखा गया कि आपदा के वक्त टीमों को इक्ठ्ठा करके किस तरह से बचाव एवं राहत कार्य किए जा सकते हैं। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ दिनेश प्रसाद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## विश्व जल दिवस पर जल संचयन की ली गई शपथ

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में विश्व जल दिवस के अवसर पर एक शपथ कार्यक्रम आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया ।इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के अलावे महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के शासी निकाय के सचिव अंजू गुप्ता ने विश्व जल दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी स्वयंसेवकों को जल संचयन के विषय में जानकारी दी एवं जल संचय करने का आह्वान किया ।वहीँ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने भी सभी से जल ही जीवन है विषय पर जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलवाया ।जबकि एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने विश्व जल दिवस के अवसर पर जल बचाओ जीवन बचाओ शपथ दिलवा. ई ।मौके पर महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे ।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी दिवस का पर कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



महुआडांड़/लातेहार : राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यालय के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ में बुधवार को टीबी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ लातेहार सीएस डॉ. दिनेश कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ शोभा टोप्पो, महुआडांड़ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमित खलखो एवं डॉ सुनील कनडोलना के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उपस्थित स्कूल के बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता भी कराया गया। वही दस टीवी चौंपियंस जो टीबी बीमारी को हरा चुके हैं उन्हें सीएस डॉ. दिनेश कुमार द्वारा पुरस्कृत किया। लगभग दर्जनों टीवी मरीजों के बीच पोषण आहार पैकेट का भी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल सरकारी विद्यालय के शिक्षकों के बीच मलेरिया सलाहकार आर्यन पांडे के द्वारा शिक्षकों एवं उपस्थित लोगों को मलेरिया के उपचार एवं बचाव का प्रशिक्षण भी दिया गया ।इस अवसर पर सीएस डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि 2025 तक झारखंड को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है और इसमें सबसे अहम भूमिका स्वास्थ्य सहियाओ की होग।, देखा जा रहा हैं कि कुछ ना कुछ मरीज मिल रहे वह माइंस, ईट भट्टे, क्रेशर में काम करने वालो में टीबी के लक्षण ज्यादा पाया जा रहे हैं। हमें संकल्प लेना है कि 2025 तक झारखंड को टीबी मुक्त करना है, कार्यक्रम में सीएचसी महुआडांड़ के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद थे।

## प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

### केंद्राधीक्षक को कदाचार मुक्त परीक्षा कराने का दिया निर्देश

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




कान्हाचट्टी : कान्हाचट्टी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह सी ओ हुलास महतो ने बुधवार को प्रखण्ड में हो रहे मैट्रिक और इंटरमेडियट परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किये ।निरीक्षण के बाद श्री महतो ने केंद्राधीक्षकों को कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने का निर्देश दिया ।उन्होंने कहा कि प्रखण्ड के दो परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा चल रहा है। जिसमे बी के प्लस टू उच्च विद्यालय एवं रामनगर उच्च विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है ।रामनगर में मैट्रिक और इंटर दोनो पाली में परीक्षा चल था है ।रामनगर उच्च विद्यालय में बी पी ओ नीरज पासवान एवं बी के प्लस टू उच्च विद्यालय में जे ई प्रकाश कुमार को मजिस्ट्रेट बनाया गया है।






दिनांक: 22-03-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## अंबाजीत में नौ दिवसीय रूद्र चंडी महायज्ञ कलशयात्रा के साथ शुरू

### 30 अप्रैल को पूर्णाहुति भंडारा एवं जागरण का आयोजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड के अम्बाजीत गांव में बुधवार को नौ दिवसीय श्री श्री 108 श्री चंडी महायज्ञ कलशयात्रा के साथ शुरू हुआ। कलश यात्रा में 1001 महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। लोग तक. रीबन 5 किलोमीटर दूर नंगे पांव मंदिर परिसर से कलश लेकर गोंदलपूरा नदी से जल उठाकर धार्मिक जयकारे लगाते हुए पूरी भक्ति भाव के साथ यज्ञ मंडप पहुंचे ।इस दौरान आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने क्षेत्र की सुख समृद्धि कल्याण की कामना करते हुए कहा की यज्ञ होने से मन मस्तिक व सुख शांति आती हैं और पर्यावरण शुद्ध होता है ।रूद्र चंडी महायज्ञ 22 मार्च से कलश यात्रा के साथ शुरू होकर 30 मार्च को पूर्णाहुति एवं भक्ति जागरण के साथ संपन्न होगी ।मौके पर कलश यात्रा में यज्ञ समिति अध्यक्ष गोपीनाथ सिंह, सचिव अशोक सिंह, कोषाध्यक्ष राम पदारथ सिंह, उपाध्यक्ष परमानंद दास,पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी, जिप सदस्य सुनीता देवी ,पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि कोलेश्वर गंझू, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ,आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा , आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ,मुखिया वासुदेव यादव, पूर्व मुखिया विगल चौधरी, मुखिया बेबी कुमारी ,पुजारी जय कांत सिंह,ग्राम अध्यक्ष अजय सिंह,सचिव अवधेश सिंह,कोषाध्यक्ष निर्भय कुमार,राधा गोविंद सिंह,ईश्वर सिंह, संजय सिंह ,सदानंद शर्मा, सुरेश कुमार महतो ,कामेश्वर महतो, रामेश्वर महतो, चंदन सिंह, राम शुक्ला , श्याम सिंह ,राजा सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला- पुरुष शामिल थे।

## सरहुल व राम नवमी पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : रामनवमी पूजा और सरहुल को लेकर महुआडांड़ थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई ।बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों व सभी समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवन की अध्यक्षता में हुई ।इस बैठक में जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया, मुखिया प्रमिला मिंज, रौशनी कुजूर, पुआनि संजय रतन, रौशन कुमार, हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, एवं बजरंग दल से सूरज कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद, मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में पूजा के दौरान शराब पर प्रतिबंध लगाने, दूसरे समुदाय के धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखने, निर्धारित रूट पर अखाड़ा जुलूस निकालने, संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात करने, स्थानीय लोगों का सहयोग लेने, हुड़दंगियों पर नजर रखने आदि पर विमर्श किया गया। इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवन ने लोगो से साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों में नजर रखने व इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। मौके पर नेजाम अहमद, हयुम अंसारी आजाद अहमद, संजय जयसवाल, रमेश जयसवाल, प्रशांत सिंह, संजय राय, बिहारी जयसवाल अन्य समुदाय के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## महुआडांड़ प्रखंड परिसर में विश्व जल दिवस के अवसर पर हांथ धुलाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो रुस्तम**




महुआडांड़/लातेहार : विश्व जल दिवस के अवसर पर महुआडांड़ प्रखंड परिसर में हांथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महुआडांड़ प्रखंड के सभी जलसहिया उपस्थित हुए। और जलसहियाओं के द्वारा कई लोगों को हाथ धुलवाया गया साथ ही स्वच्छता से संबंधित बातें भी बताई गई। जल का बचाव एवं सही उपयोग के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान यह भी बताया गया कि विश्व में जल का स्तर कम होता जा रहा है सभी लोग जल का सही उपयोग करें जल का दुरुपयोग बिल्कुल ना करें। यह प्रकृति से प्राप्त हुआ एक अनमोल तोहफा है। हमें हमेशा जल का सही उपयोग ही करना चाहिए जल के बिना जीवन संभव नहीं है ऐसे भी कहा गया है की जल ही जीवन है। इसलिए हम सभी इस विश्व जल दिवस के अवसर पर संकल्प ले की किसी भी तरह जल का दुरुपयोग नहीं करेंगे। मौके पर प्रखंड समन्वयक गंगा प्रसाद प्रखंड के सभी जलसहिया प्रखंड कर्मी अंचल कर्मी मौजूद थे।

## श्रीराम यज्ञ को लेकर सायल बगीचे में नीकली कलश यात्रा

### जय श्रीराम और जय माता दी के नारों से गूँजयमान हुआ कान्हाचट्टी प्रखण्ड





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : प्रखण्ड क्षेत्र में चौत प्रतिपदा पर कई जगहों पर कलश स्थापना को लेकर कलश याता निकाली गई ।प्रखण्ड के ह्दय स्थली माने जाने वाले सायल बगीचे में बुधवार को सैकड़ो मं. हलाओं ने कलश यात्रा में शामिल हुई ।सायल बगीचे में सबसे पहले यज्ञ समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने आमंत्रित सदस्यों को भगवा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किए उसके बाद अतिथयो में शामिल जीप उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी,मुखिया घनश्याम पांसी,प्रमुख इंदु देवी,उपप्रमुख सुमन सिंह,राजेन्द्र यादव,यज्ञ समिति के बसन्त सिंह,नागेश्वर सिंह एवं सच्चिदानंद सिंह तथा भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष सतीश सिंह सहित अन्य लोगो ने कलशधारी महिलाओं के माथे पर कलश रखकर गहरी नदी में कलश में जल भरने के लिए विदा किया ।उसके बाद यात्रा में शामिल महिला और पुरुष रामभक्तों ने जय श्रीराम और जय माता दी के नारों के साथ गहरी नदी पहुंचे जहां पर यज्ञाचार्य उमेश पांडेय ने वरुण देव के पूजन के बाद विधि विधान के साथ कलश में जल भरवाया ।उसके बाद यज्ञ मंडप प्रवेश कराया गया ।बताते चले कि सायल बगीचे में लगातार 21 वर्षो से श्रीराम यज्ञ का आयोजन होते आ रहा है ।यज्ञ समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि यज्ञ में प्रवचन के लिए बनारस से प्रवक्ता बुलाया गया है ।प्रतिदिन शाम को प्रवचन का कार्य किया जाएगा ।वहीं दुसरी तरफ राजपुर रामनवमी पूजा समिति ने भी चौत प्रतिपदा पर कलश यात्रा निकाला गया ।प्रखण्ड के विभिन्न पूजा पंडालों में कलश स्थापित किया गया ।यह लगातार नौ दिनों तक चलेगा और भक्ति मद लोग डुबकी लगाएंगे ।मौके पर विनय सिन्हा,सुनील कुमार शास्त्री,अशोक सिंह उर्फ कलाकार, सिकन्दर सिंह,राकेश सिंह, जितेंद सिंह,पप्पू सिंह,संजय दांगी,आदित्य दांगी,भीम सिंह,सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## संत मैरी पब्लिक स्कूल, कोनरा (बरही) में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, टॉप प्रतिभागी हुए सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



संत मैरी पब्लिक स्कूल कुंद्रा बरही में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया । ।इस अवसर पर अपने वर्ग में प्रथम,व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। स्कूल ट०पर को विशेष मेडल देकर सम्मानित किया गया, जबकि तीसरे स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को कलम देकर सम्मानित किया गया। स्कूल डायरेक्टर और प्राचार्य मिथिलेश यादव बच्चों के रिजल्ट से संतुष्ट दिखे। उन्होंने इसके लिए बच्चों अभिभावको व अपने शिक्षकों को धन्यवाद दिया। मिथिलेश यादव ने कहा कि आने वाले सत्र में इससे भी बेहतर रिजल्ट देने का प्रयास होगा ।नये सत्र की तैयारी 24 मार्च से शुरू कर दी जाएगी ।नये सत्र के लिए पूरे मार्च माह निशुल्क नामांकन जारी रहेगा। घोषित परिणाम के अनुसार

Class 6
प्रथम स्थान –पवन यादव,पिता –रोहन यादव। मुस्कान कुमारी, पिता –अर्जुन यादव
द्वितीय स्थान –रंजित यादव, पिता –राजेश यादव
तृतीय स्थान : प्रिंस यादव, पिता –प्रकाश यादव

Class 5
प्रथम स्थान –श्रवण कुमार, पिता –राजू भगत
द्वितीय स्थान : पवन यादव,पिता : विशुणधारी यादव तृतीय स्थान –मंजित यादव,पिता–सुरेश यादव

Class 4
प्रथम स्थान–सृष्टि कुमारी, पिता–मिथिलेश यादव
द्वितीय स्थान–शुभम यादव,पिता–दिनेश यादव
तृतीय स्थान–मंजू कुमारी पिता–जागेश्वर यादव

Class 3
प्रथम स्थान–दीपक साव, पिता–बिनोद साव
द्वितीय स्थान– कुमारी,पितारू–उमेश यादव
तृतीय स्थान–मोहित यादव,पिता –कमेन्द्र यादव

Class 2
प्रथम स्थान–उज्जवल यादव,पिता–सुरेश यादव
द्वितीय स्थान–निशांत यादव,पिता–नरेश यादव
तृतीय स्थान–फैजल अंसारी, पिता–अफजल अंसारी

Class 1
प्रथम स्थान–निक्की कुमारी, पिता : कमेन्द्र यादवद्वितीय स्थान–आदित्य यादव,पिता–सत्येंद्र यादव
तृतीय स्थान–सुहानी कुमार, पिता :–राजू साव

Class UKG
प्रथम स्थान– प्रशांत यादव, पिता– नरेश यादव
द्वितीय स्थान–सुमन यादव,पिता–बासुदेव यादव
तृतीय स्थान–अमित यादव, पिता–राजेश यादव

Class LKG
प्रथम स्थान–पिहु शर्मा प्रकाश शर्मा, पिता – ठाकुर
द्वितीय स्थान –अंश कुमार,पिता :–गणेश मेहता
तृतीय स्थान–पंकज कुमार, पिता :– संजय तूरी



# तुबेद कोल प्रोजेक्ट मे स्थानीय लोगों ने बाहरी नियोजन का किया विरोध

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : दामोदर वैली कोरपोशन के द्वारा संचालित तुबेद कोल प्रोजेक्ट मे बाहरी सिक्यूरिटि कंपनी के दल को देखते ही स्थानीय प्रशिक्षित सिक्यूरिटि गार्डो में आक्रोश शुरू हो गया है। स्थानीय प्रशिक्षत सिक्यूरिटि गार्ड दिनेश्वर यादव ने कहा कि डीवीसी कंपनी अपने तमाम स्थानीय नियोजन नीति को दरकिनार कर गार्ड समेंत तमाम सिक्यो. रिटी पदों पर सिर्फ बाहरी एवं रसूकदार लोगों के पैरवी के बल पर बहाली कर रही है।यह झारखंड सरकार के नियोजन नीति के खिलाफ है। श्री यादव ने कहा है कि डीवीसी कंपनी के द्वारा तुबेद कोलियरी प्रारंभ किये जाने के बाद लोगों में रोजगार के प्रति आशा का संचार हुआ था। लेकिन वर्षो बीत जाने के बाद भी स्थानीय लोगों को बहाल नहीं किये जाने पर कंपनी का दोहरा चरित्र उजागर हो रही है। उन्होने आगे कहा है कि सबसे नीचली स्तर पर बहाली में भी स्थानीय लोगों बहाली नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।उन्होने कहा है कि कंपनी बंगाल एवं बिहार के लोगों विभिन्न पदो पर बहाली कर रही है। जबकि स्थानीय, जरूरतमंद एवं दबे कुचले लोगों की अनदेखी की जा रही है। बताते चलें कि डीवीसी कंपनी की दोहरी मापदंड को देख कर स्थानीय लोगों में भारी असंतोष है और यह आंदोलन का रूप अख्तियार कर सकती है। कंपनी की इस दोहरी मापदंडों के खिलाफ स्थानीय बेरोजगार गोलबंद हो रहे हैं और उनका आक्रोश कभी भी फूट सकता है।इस संबंध में डीवीसी के अधिकारी से पक्ष लेने के लिए फोन लगाने पर उन्होंने फोन नहीं रिसीव किया।

# सचिवालय भवन में प्रतिनिधियों ने लिया जल बचाने का शपथ

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**




विश्व जल दिवस के शुभ अवसर पर चंदवारा पश्चिमी पंचायत सचिवालय में मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा एवं उप प्रमुख खुशबू देवी पंचायत सेवक मुकेश कुमार दास के उप. स्थिति में जल शपथ लिया गया इस मौके पर संतोष कुमार कुशवाहा ने बताया कि जल मनुष्य के लिए बहुत उपयोगी है इसे जरूरत के हिसाब से ही प्रयोग करना चाहिए तथा ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को को बचाने का प्रयास प्रमुख प्रतिनिधि विजय यादव ने कहा कि जल है तो जीवन है इसके बिना जीवन असंभव है तथा युवाओं को इस जल बचाव के अभियान को तेज लाने के लिए अपने आसपास के घर मोहल्ले में सबको जागरूक करना चाहिए इस मौके पर जल सहिया प्रियंका देवी जल सखी रामदुलारी देवी, नेहा देवी, मोनिका देवी ,शर्मिला देवी ,काजल कुमारी, वॉर्ड सदस्य राखी कुमारी, वॉर्ड प्रतिनिधी नंदू शर्मा सी. एस.सी संचालक मुकेश कुमार राही तथा ग्रामीणों के साथ जल शपथ लिये।

# नीचे बस्ती बजरंगबली समिति ने किया कमेटी का गठन भव्य होगा झांकी

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**

कोडरमा चंदवारा नीचे बस्ती बजरंगबली पूजा समिति के द्वारा रामनवमी पूजा को लेकर के एक बैठक आहूत की गई जिसमें भव्य राम जन्म उत्सव को मनाने हेतु विचार विमर्श किया गया जिनमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष इंद्रदेव ठाकुर सचिव शंकर पांडे तथा कोषाध्यक्ष गुलेश्वर पासवान को बनाया गया इस मौके पर सचिव शंकर पांडे ने बताया कि राम जन्मोत्सव बेहद सांस्कृतिक व पारंपरिक तरीके से मनाना है तथा पूजा समिति के द्वारा भव्य झांकी का भी भरमन पूरे ग्राम का किया जाएगा तथा जिनमें सभी ग्राम वासियों की सहयोग की अपेक्षा पूजा समिति करती इस मौके पर संतोष पंडित, महेश पंडित ,अमन पंडित ,शोधन पंडित ,रवि पंडित ,भिर्गु पंडित, रिंकू पंडित ,रामाशीष पासवान ,व अन्य इस मौके पर उपस्थित रहे।

# सीनियर क्रिकेट टीम रंधीर वर्मा ट्रॉफी के फाइनल में पहुचा लातेहार, गोड्डा को 3 विकेट से हराया

## धनबाद और लातेहार के बीच होगा 24 मार्च को फाइनल मुकाबला

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : रंधीर वर्मा ट्रॉफी क्रिकेट लीग का सेमीफाइनल मुकाबले में लातेहार ने गोड्डा को 3 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जहां गोड्डा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 300 रन बनाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी लातेहार ने 50वे ओवर में 7 विकेट खोकर मैच को जीत ही नही लिया बल्की फाइनल में प्रवेश किया। वहीं साथ 24 मार्च को गोड्डा के फाइनल मैच धनबाद के ग्राउंड में खेला जाएगा ।

# प्रखण्ड में शिक्षा विभाग का खास्ता हाल, मधुवा प्राथमिक विद्यालय के हेडमास्टर लगातार महीनों रहते हैं गायब

## शिक्षा विभाग में कोई नहीं है इनको देखने वाला






**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी ; सरकार भले ही शिक्षा विभाग पर लाखों करोड़ों खर्च कर रही हों और शिक्षा विभाग को बेहतर बनाने की बात करता है लेकिन यह केवल पेन और कागज पर ही दिख रहा है,वास्तविकता कुछ और है।बच्चे स्कूल नहीं जाए तो हाजरी कटती है लेकिन शिक्षक स्कूल नहीं जाएं तो उस पर कोई कार्रवाई नहीं ये शिक्षा विभाग की कैसी ब्यवस्था।जी हां ऐसा ही मामला कान्हाचट्टी प्रखण्ड में इन दिनों शिक्षा विभाग में देखने को मिल रहा है।जहां शिक्षक लगातार पन्द्रह-पन्द्रह दिन गायब रहते हैं लेकिन उनको देखने वाला कोई नहीं।यदि किसी तरह मामला को प्रकाश में लाया जाता है तो फिर केवल खाना पूर्ति कर उनपर कोई कार्रवाई नहीं कि जाति है फलस्वरूप पुनः वैसे वैसे शिक्षक होते ही रहते हैं।जी हां ऐसे ही है कान्हाचट्टी के मधुवा प्रा. थमिक स्कूल के हेडमास्टर हैं रामदेव साव हैं जो लगातार पन्द्रह पन्द्रह दिन कभी कभी महीनों स्कूल से बगैर छूटी के गायब रहते हैं कई बार उनको विभाग स्पष्टीकरण भी किया लेकिन वे विभाग को खेल बुझते हैं और स्कूल से गायब रहता उनका प्रवृति सी बन गई है।जब बुधवार को उनका जिस गांव में स्कूल है उस गांव के ग्रामीणों ने पत्रकारों को बताया कि स्कूल के सचिव बराबर गायब रहते हैं जो वर्तमान समय मे भी स्कूल से 17 मार्च से आज बुधवार यानी 22 मार्च तक भी गायब हैं।पत्रकारों की एक टीम इस मामले की पड़ताल की तो सही पाया गया।इसकी जानकारी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदा. धिकारी को दी गई।जिसके बाद प्रखण्ड संसाधन केंद्र ने पत्रांक 32 दिनांक 22 मार्च के आलोक में स्पष्टी करण किया गया है।हालांकि ग्रामीणों का कहना है की श्री साव बराबर स्कूल से गायब रहते है।ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से इस सचिव को स्कूल से हटाने की मांग की है।ग्रामीणों ने कहा कि हमारे गांव के स्कूल में शिक्षा पढ़ते ही नहीं है।इधर ग्रामीणों ने उपायुक्त से ऊक्त सचिव पर कार्रवाई करते हुए उन्हें हटाने की मांग किया है।

